आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 15.01.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का वर्चुअली उद्घाटन किया। कहा– इससे हल्दी किसानों के कल्याण, हल्दी की बेहतर किस्मों के विकास और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।
- राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों से देश की प्रगति में सहयोग देने और उद्यमिता व स्टार्टअप के क्षेत्र में कदम बढ़ाने की अपील की।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ परीक्षा पे चर्चा में भाग लेने के लिए इस वर्ष रिकॉर्ड सवा तीन करोड़ छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पंजीकरण कराया है।
- **और,** राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना।

**राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड**

वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। श्री गोयल ने कहा कि बोर्ड, हल्दी किसानों के कल्याण, हल्दी की बेहतर किस्मों के विकास और निर्यात को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि देश के 20 राज्यों में किसान हल्दी का उत्पादन करते हैं और विश्व की 70 प्रतिशत हल्दी भारत में पैदा होती है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने बोर्ड की स्थपना को विशेष रूप से हल्दी किसानों के लिए अत्यंत हर्ष का विषय बताया। उन्होंने कहा कि बोर्ड हल्दी के उत्पादन में नवाचार, वैश्विक संवर्धन और मूल्यवर्धन के बेहतर अवसर सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी और किसानों तथा उपभोक्तओं दोनों को लाभ होगा।

**एक भाम सैनिकों के नाम**

देहरादून स्थित राजभवन में कल शाम सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर ''एक शाम सैनिकों के नाम'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीरता पदक विजेता सैनिकों और पूर्व सैनिकों को सम्मानित कर उनके साहस और बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान अर्धसैनिक बलों के जवानों को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अपने संबोधन में राज्यपाल ने भूतपूर्व सैनिकों के अनुभव और नेतृत्व क्षमता को राष्ट्र की अमूल्य संपत्ति बताते हुए कहा कि उनका जीवन अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने पूर्व सैनिकों से देश की प्रगति में सहयोग

देने और उद्यमिता व स्टार्टअप के क्षेत्र में कदम बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड का गौरवशाली इतिहास हमारे सैनिकों की वीरता से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शहीदों के परिवारों के लिए अनुग्रह राशि को 50 लाख रुपए तक बढ़ा दिया गया ळें

## साहसिक खेल

नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) उत्तरकाशी में स्थानीय निवासियों और पर्यटकों के लिए जिप लाइन और क्विक जंप जैसे रोमांचक साहसिक खेलों की शुरुआत की गई है। करीब 40 फीट ऊंचे टावर से 110 मीटर लंबी जिप लाइन के जरिए लोग हवा में सफर का आनंद लेते हुए प्रकृति की गोद में रोमांच का अनुभव कर रहे हैं। वहीं, इसी टावर से 35 फीट की ऊंचाई से क्विक जंप भी कराई जा रही है। अभी हर दिन 15 से 20 लोग इन गतिविधियों का लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं। देश के प्रमुख पर्वतारोहण संस्थानों में गिने जाने वाले निम में पहले से ही पर्वतारोहण, माउंटेन बाइकिंग, स्कीइंग और एडवेंचर के विभिन्न कोर्स कराए जाते हैं। अब इन नई गतिविधियों के जुड़ने से यह केंद्र रोमांचक खेलों का एक नया आकर्षण बन गया है।

## परीक्षा तिथि परिवर्तन

स्थानीय निकाय चुनावों के चलते उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने 25 जनवरी को प्रस्तावित समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा की तिथि में परिवर्तन किया है। यह परीक्षा अब 29 जनवरी को होगी। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

## गिरफ्तारी

ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत पौड़ी जिले के धुमाकोट क्षेत्र में पुलिस ने शंकरपुर चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान एक वाहन से उनासी किलोग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने मौके पर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## माघ मेला

उत्तरकाशी में सुप्रसिद्ध माघ मेला का शुरू हो गया है। बाड़ाहाट पट्टी के आराध्य कंडार देवता और हरि महाराज की डोली की उपस्थिति में जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने मेले का शुभारम्भ किया। सप्ताह भर चलने वाले इस मेले में विभिन्न क्षेत्रों से लोक देवताओं की डोलियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। गंगा स्नान के बाद चमाला की चौरी पर डोली नृत्य और रासो–तांदी नृत्य की प्रस्तुति ने मेले को सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। रामलीला मैदान में जिलाधिकारी ने रिबन काटकर मेले का औपचारिक उद्घाटन किया।

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ परीक्षा पे चर्चा में भाग लेने के लिए इस वर्ष रिकॉर्ड सवा तीन करोड़ छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पंजीकरण कराया है। पंजीकरण कराने वालो में विदेशी छात्र भी शामिल हैं। पंजीकरण कराने की आज अंतिम तिथि है।

**मौसम**

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश और बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने राज्य के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात और निचले हिस्सों में बारिश का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार बारिश और बर्फबारी का यह दौर कल भी जारी रह सकता है और दो हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना भी है। इस बीच, प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में पाला गिरने से सुबह के समय कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में भी आज सुबह कहीं–कहीं हल्का कोहरा छाया रहा।

**स्वास्थ्य व्यवस्था सुधार**

पौड़ी बस दुर्घटना के बाद जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर सख्ती दिखाते हुए प्रशासन ने सुधार की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि दुर्घटना की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी और अपर जिलाधिकारी की समिति गठित की गई है। वहीं, अस्पताल में 18 चिकित्सकों की तैनाती की जा चुकी है, जबकि पांच और चिकित्सक जल्द ही कार्यभार ग्रहण करेंगे। अस्पताल की व्यवस्था पर निगरानी के लिए एक विशेष समिति भी बनाई जा रही है।

**निकाय चुनाव**

आगामी निकाय चुनाव में सभी राजनैतिक पार्टियां मतदाताओं को लुभाने में लगी हैं। चुनाव प्रचार अभियान के तहत राजनैतिक पार्टियों की ओर से जनसभाएं, रोड शो, पदयात्रा, जनसंपर्क सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून कैंट विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में मेयर उम्मीदवार सौरभ थपलियाल और पार्षद उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और विकास योजनाओं का घर–घर जाकर प्रचार करने का आह्वान किया। उधर, हल्द्वानी में कांग्रेस के मेयर उम्मीदवार ललित जोशी ने रानीबाग सहित अन्य स्थानों पर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के कार्यकाल में क्षेत्र का विकास रूक गया है।

**सड़क निर्माण**

नैनीताल जिले के नगर चिड़ियाघर क्षेत्र में वाहनों के सुगम आवागमन के लिये लोक निर्माण विभाग ने चिड़ियाघर के मोड़ से कैलाखान तक एक किलोमीटर से अधिक लंबे एकल मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विवेक धर्मशक्तू ने कहा कि इस सड़क का निर्माण पर्यावरणीय मानकों और अन्य आवश्यक नियमों के तहत पूरा पालन करते हुए किया जाएगा।

**और अब एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–––**

महाकुंभ के पहले अमृत स्नान की ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण का शीर्षक है–त्रिवेणी में घुला अमृत। वहीं, अमर उजाला ने लिखा है– अमृतमयी त्रिवेणी, साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी।

प्रधानमंत्री ने कल मिशन मौसम की शुरूआत की। इस समाचार पर अमर उजाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है– आपदाएं नियति नहीं, सटीक पूर्वानुमान से घटा नुकसान, अब भूकंप से निपटेंगे। राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र का प्रधानमंत्री के हवाले से शीर्षक है– भूकंप चेतावनी प्रणाली विकसित करने की जरूरत।

मंडुवा, झंगोरा के प्रोत्साहन को आएगी नीति। इस ख़बर के साथ दैनिक जागरण लिखता है– उत्तराखंड की मिलेट नीति के संबंध में शासन स्तर पर वित्त एवं नियोजन विभाग में हो चुकी है चर्चा।

मौसम की ख़बर के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है– उत्तराखं डमें आज से दो दिन बारिश–बर्फबारी के आसार।